# <u>Constitution Day Celebration 26 November 2025</u>

## <u>Organized by Department of Political Science, St. Xavier's College, Ranchi</u>

## <u>Under the aegis of IQAC</u>

## <u>REPORT</u>

### <u>INTRODUCTION</u>

The Department of Political Science, St. Xavier's College, Ranchi under the aegis of IQAC, celebrated Constitution Day on 26 November 2025. The Chief Guest for the event was Hon'ble Mr. Justice Sanjay Kumar Dwivedi, Jharkhand High Court, Ranchi. The Constitution Club of the college was inaugurated by him. He emphasized upon the fact that the youth are the custodian of the constitutional ethos and they should always strive to uphold the values enshrined in our Constitution. A special lecture was delivered by Dr. Vikas Pathe, Assistant Professor, Department of Liberal Arts and Science, IIM Ranchi. He emphasized upon the rights and status of the tribal population in Jharkhand with special reference to the provisions of the Constitution. He decoded the preamble in order to emphasize upon the triumphs and tribulations of our nation in the present scenario. A student workshop was conducted by Mr. Ajay Kumar, Secretary of Pratigya wherein the students were conditioned about their fundamental rights and duties by means of active participation in the various segments of the workshop. The Vice Principal, Father Dr. Ajay Arun Minj, s.j. of the college delivered the welcome address and encouraged the students. The Head of the Political Science Department, Prof. B.K. Sinha, Controller of Examination Dr. Sumit K. Roy, Assistant Controller of Examination, Father Sanjay Kerketta, s.j., Dr. Vijay Kumar Sharma, Dr. Ashutosh Kumar Pandey and Dr. Shreya Pandey and other faculty members from different departments were present.

### <u>OBJECTIVES</u>

1. **To commemorate Constitution Day** and spread awareness about the importance of the Indian Constitution among students.

2.**To inculcate constitutional values** such as justice, liberty, equality, and fraternity among the youth.

3.**To sensitize students about their Fundamental Rights and Duties** through interactive learning.

4.**To highlight the constitutional safeguards for the tribal population**, especially in the context of Jharkhand.

6. **To promote constitutional literacy and legal awareness** among students.

7.**To encourage student participation** in democratic and constitutional processes through the Constitution Club.

8.**To provide an academic platform** for expert interaction with legal and social science professionals.

**OUTCOME**

1. **The successful inauguration of the Constitution Club**, provided a permanent platform for constitutional activities in the college.
2. Students developed a **deeper understanding of constitutional values and responsibilities**, as emphasized by the Hon'ble Chief Guest.
3. It helped to enhance **awareness about the rights and constitutional status of the tribal population** of Jharkhand.
4. Improved **conceptual clarity of the Preamble** and its relevance to contemporary national challenges.
5. Students became **actively aware of their Fundamental Rights and Duties** through participatory workshop activities.
6. The event **strengthened legal and civic consciousness among students**.
7. It fostered a **culture of democratic engagement and responsible citizenship** within the college community.
8. The presence of academic leaders and faculty ensured **strong institutional support and interdisciplinary engagement**.




GPS Map Camera
Ranchi,Jharkhand,India
Nayatoli, Ranchi, Jharkhand 834001, India
Lat 23.367955, Long 85.326465
Wednesday, 26/11/2025 11:39 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


ST.XAVIER'S COLLEGE,RANCHI (IQAC)
DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE
CONSTITUTION
DAY
Fr.C.De.Brouwer Auditorium.
Time : 10 AM
SXC
GPS Map Camera
Ranchi,Jharkhand,India
Purulia Road, Nayatoli, Ranchi, Jharkhand 834001, India
Lat 23.367886, Long 85.326586
Wednesday, 26/11/2025 10:34 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera




**आजाद सिपाही**
रांची, गुरुवार, 27 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in **05**

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में संविधान दिवस का आयोजन
# संविधान भारत की एक सोच है: जस्टिस एसके द्विवेदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे के स्वागत भाषण से हुई। जस्टिस द्विवेदी ने कॉलेज के कांस्टिट्यूशन क्लब का उद्घाटन करते हुए कहा कि युवा संवैधानिक मूल्यों के संरक्षक हैं और उन्हें हमेशा हमारे संविधान में दिये गये मूल्यों को बनाये रखने की कोशिश करनी चाहिए। आइआइएम रांची के लिबरल आर्ट्स एंड साइंस डिपार्टमेंट के सहायक प्राध्यापक डॉ विकास पाठे ने भी संविधान के खास नियमों के साथ झारखंड में आदिवासी आबादी के अधिकारों और स्थिति पर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने आज के समय में हमारे देश की जीत और मुश्किलों पर जोर देने के लिए प्रस्तावना को समझाया। प्रतिज्ञा के सचिव अजय कुमार ने छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और बुनियादी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जाना। मौके पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो बीके सिन्हा, डॉ सुमित कुमार रॉय, फादर संजय केरकेट्टा एसजे, डॉ विजय कुमार शर्मा, डॉ आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ श्रेया पांडेय और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# युवा संविधान के संरक्षकः न्यायमूर्ति

## संत जेवियर्स

**रांची, विशेष संवाददाता।** संत जेवियर्स कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से संविधान दिवस पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने कॉलेज के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा संवैधानिक मूल्यों के संरक्षक हैं और उन्हें हमेशा हमारे संविधान में दिए गए मूल्यों को बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए।



जेवियर्स कॉलेज में संविधान दिवस पर बुधवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का उद्घाटन किया।

आईआईएम रांची के लिबरल आर्ट्स एंड साइंस डिपार्टमेंट के सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास पाठे ने भी संविधान के खास नियमों के साथ झारखंड में आदिवासी आबादी के अधिकारों और स्थिति पर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना को भी समझाया। संस्था 'प्रतिज्ञा' के सचिव अजय कुमार ने विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें नागरिकों के बुनियादी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई।

कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय अरुण मिंज, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. बीके सिन्हा, डॉ. सुमित कुमार रॉय, फादर संजय केरकेट्टा, डॉ. विजय कुमार शर्मा, डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ. श्रेया पांडेय व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

प्रभात खबर
रांची, गुरुवार 27.11.2025


### राजधानी के स्कूल-कॉलेजों और संस्थानों में मनाया गया संविधान दिवस

# संवैधानिक मूल्यों को बनाये रखने की कोशिश करें युवा : जस्टिस द्विवेदी

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

संत जेवियर्स कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी उपस्थित थे. उन्होंने कॉलेज के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का उदघाटन किया. उन्होंने कहा कि युवा संवैधानिक मूल्यों के संरक्षक हैं. युवाओं को हमेशा हमारे संविधान में दिये गये मूल्यों को बनाये रखने की कोशिश करनी चाहिए. आइआइएम रांची के लिबरल आर्ट्स एंड साइंस डिपार्टमेंट के सहायक प्राध्यापक डॉ विकास पाठे ने भी संविधान के प्रावधानों के बारे में बताया. प्रतिज्ञा संस्था के सचिव अजय कुमार ने छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया. इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे के स्वागत भाषण से हुआ. मौके पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो बीके सिन्हा, डॉ सुमित कुमार रॉय, फादर संजय केरकेट्टा एसजे, डॉ विजय कुमार शर्मा, डॉ आशुतोष कुमार पांडे, डॉ श्रेया पांडे व छात्र-छात्राएं मौजूद थे.



संत जेवियर्स कॉलेज के कार्यक्रम में शामिल न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी.

## मारवाड़ी कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया



**रांची.** मारवाड़ी कॉलेज में बुधवार को संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा संविधान देश की एकता, लोकतंत्र और न्याय का मजबूत आधार है. प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि संविधान सिर्फ देश की शासन-प्रणाली का ढांचा नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है. प्रो अर्चना कुमारी दुबे ने कहा कि भारत का संविधान विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधानों में से एक है. राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष नूपुर सिन्हा और संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ राहुल कुमार ने भी विचार रखे. इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया. मौके पर डॉ तरुण चक्रवर्ती, डॉ रमेश कुमार, डॉ शहाबुद्दीन, डॉ सुनीति नायक आदि उपस्थित थे.

## भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा : कुलपति



**रांची.** रांची विवि के कुलपति प्रो डीके सिंह ने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश की आत्मा और सर्वोच्च विधान है. यह भारत को एक संप्रभु, धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है. कुलपति बुधवार को रांची विवि एनएसएस के तत्वावधान में भारतीय संविधान के 76वें वर्ष पूर्ण होने पर बेसिक साइंस भवन परिसर में पीजी भूगर्भशास्त्र विभाग में आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे. कुलपति ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता तथा समानता की गारंटी देता है. डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने संविधान की प्रस्तावना शपथ पढ़ा. कुलसचिव डॉ गुरु चरण साहू, विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ सीपी महतो ने भी अपने विचार रखे. संचालन विवि कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन विवि गणित विभागाध्यक्ष डॉ अबरार अहमद ने किया. संगोष्ठी के बाद बेसिक साइंस भवन परिसर से संविधान जागरूकता रैली को कुलपति ने रवाना किया. जागरूकता रैली डीएसपीएमयू, केंद्रीय पुस्तकालय, राजकीय अतिथि शाला, नीलांबर पीतांबर पार्क, मान्या पैलेस, आइएलएस होती हुई पुन : बेसिक साइंस भवन परिसर पहुंच कर समाप्त हुई.